सुविचार
अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI NO. MPHIN/2015/76209
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-6 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 15 मार्च 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## महिला को उसकी मर्जी के बिना हाथ भी लगाना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/IPC, BNS...

भारतीय संविधान में महिला एवं पुरुषों को समानता का अधिकार प्राप्त है अगर कोई व्यक्ति महिला की लज्जा भंग करता है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होगी जानिए क्या है महिला की लज्जा भंग का अपराध



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 73 की परिभाषा ??

अगर कोई व्यक्ति किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के लिए उस पर हमला करता है या आपराधिक बल का प्रयोग करता है तब वह व्यक्ति IPC की धारा 354 एवं BNS की धारा 73 के अंतर्गत दोषी होगा।

स्त्री लज्जा भंग का अपराध कब कब होगा जानिए-

1. सार्वजनिक स्थान पर स्त्री पर हमला करना
2. बलात्कार के लिए स्त्री पर हमला करना
3. स्त्री के कपड़े खींचना
4. स्त्री का उसकी मर्जी के बिना जबरदस्ती हाथ पकड़ना

राजस्थान राज्य बनाम विजय राम- मामले में न्यायालय ने विनिश्चित किया कि सार्वजनिक स्थान पर पत्नी को चूमना या उसके रिश्तेदारों के सामने उसका लहंगा ऊपर उठाना धारा 354 का अपराध होता है अजय कुमार दास उर्फ कंकू बनाम उड़ीसा राज्य मामले मे न्यायालय ने कहा कि मेले में किसी महिला को गलत तरीके से एवं प्राइवेट अंग को स्पर्श करना धारा 354 का अपराध होता है।

## पुलिस अधिकारी द्वारा अपराध की जानकारी छुपाना कब अपराध होता है जानिए/IPC, BNS...

प्रत्येक लोक सेवक का कर्तव्य है की वह अपराध निवारण का कार्य करे उसके सामने हो भी घटाना हो रही है उसकी जानकारी वह संबंधित उच्च अधिकारी को दे , ऐसे में बहुत से लोक सेवक आपने इस कर्तव्य का पालन नहीं करते हैं और घटित अपराध या आरोपी की जानकारी छुपा लेते है जिससे अपराध करने वाले को संरक्षण मिल जाता है ऐसे पुलिस अधिकारी या लोक सेवक के लिए कानून में क्या दण्ड का प्रावधान है जानिए

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 119 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 59 की परिभाषा ??**

अगर कोई व्यक्ति लोक सेवक है और वह किसी भी अपराध की जानकारी छुपाता है या आरोपी को अपराध करने में मदद करता है जिससे अपराध करने वाले व्यक्ति को अपराध करने में आसानी होगी तब ऐसा लोक सेवक ढ्ढक्कष्ट की धारा 119 एवं क्चहृस् की धारा 59 की धारा के अंतर्गत दोषी होगा

### दण्ड का प्रावधान-

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं

1. अगर अपराध नहीं किया गया है तब आरोपी को अधिकतम सजा की एक चौथाई सजा के दण्ड से दण्डित किया जाएगा या जुर्माना या दोनों से
2. अगर आरोपी द्वारा अपराध कर दिया गया है तब अपराध छिपाने वाले लोक सेवक को अपराध की अधिकतम सजा की आधी सजा से दण्डित किया जाएगा या जुर्माना या दोनों से
3. यदि लोक सेवक मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास से दण्डित अपराध की जानकारी छुपाता है तब उसे दस वर्ष तक की कारावास से दण्डित किया जाएगा

**लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की स्वीकृति

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिये 24 हजार 293 करोड़ रूपये की स्वीकृति



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना÷ को विस्तारित कर प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना÷ नाम से लागू करने की स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना÷ का क्रियान्वयन म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा केन्द्र शासन की कुसुम बी योजना में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा। कृषक / कृषकों के समूहों को सोलर कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने के लिए वर्तमान में प्रचलित ÷मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना÷ अंतर्गत सोलर कृषि पम्प कनेक्शन भी दिया जा रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिये 24 हजार 293 करोड़ 24 लाख रूपये की स्वीकृति मंत्रि-परिषद ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में कराये जाने वाले कार्यों के लिये लागत राशि 24 हजार 293 करोड़ 24 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सागर, दतिया एवं बेतवा बेसिन के विदिशा, शिवपुरी, रायसेन जिले के सूखा प्रभावित 6,57,364 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई एवं लगभग 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा मिलेगी। मंत्रि-परिषद ने चित्रकूट नगर के समग्र विकास के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विद्यमान चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को विघटित कर चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना की स्वीकृति दी है। चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना से प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र का समग्र विकास सम्भव हो सकेगा। साथ ही संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा प्रभावशील विकास योजना के प्रस्तावों का क्रियान्वयन भी सम्भव हो सकेगा। मंत्रि-परिषद् ने प्राधिकरण के लिये 20 करोड़ रूपये की सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी। कलेक्टर को अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के लिये अधिकृत किया गया है।रोपवे परियोजनाओं का अनुमोदन मंत्रि-परिषद ने लोक निर्माण विभाग एवं नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (ह्व॥रुरु) के मध्य रोपवे के विकास, कार्यान्वयन, निर्माण, संचालन और रख-रखाव के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (रूश्व) का अनुमोदन किया। राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम %पर्वतमाला% में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया। परियोजना के प्रथम चरण में 4 स्थानों पर क्रमशः रेल्वे स्टेशन से महाकाल मंदिर, उज्जैन रोपवे, टिकिटोरिया माता मंदिर (सागर) फनीकुलर, एम्पायर स्टेडियम से गुरुदारा (व्हाया रामपुर चौक एवं एवेन्यु मॉल), जबलपुर एवं सिविक सेंटर से बलदेवबाग (व्हाया मालवीय चौक, लॉडगंज, बड़ाफुआरा), जबलपुर के लिये प्रस्तावित परियोजना का निष्पादन समझौता ज्ञापन (रूह्र) में उल्लेखित एवं भविष्य में साध्य पायी जाने वाली शेष रोपवे परियोजनाओं के लिये विकल्प के चयन के लिये लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया जाने का अनुमोदन किया गया।

## होलिका दहन में लकड़ी का नहीं गौ काष्ठ का उपयोग करें: वन मंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** वन, पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों से होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग नहीं करते हुए गौ काष्ठ का उपयोग करने की अपील की है। श्री चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली पर्व का विशेष महत्व है। समाज के सभी वर्ग होली पर्व को मिल-जुलकर हर्षोल्लास से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग किया जाता है। वृक्षों की उपयोगिता पर्यावरण संतुलन तक सीमित नहीं है। जीवन देते हैं। करोड़ो जीव-जन्तुओं की रक्षा-सुरक्षा करते हैं। श्री चौहान ने कहा कि गुलाल के साथ मिल-जुलकर होली का पर्व मनायें। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं। वन, पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौ-काष्ठ का उपयोग करना पर्यावरण के लिए ज्यादा उचित है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण सुरक्षा और वनों का संरक्षण होगा। श्री अहिरवार ने कहा कि समय की आवश्यकता के अनुसार लकड़ी का कम से कम उपयोग किया जाये। उन्होंने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को होली पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ दीं।

## क्रांतिसूर्य टंट्या भील और तात्या टोपे विश्वविद्यालय का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निमाड़ अंचल के विद्यार्थियों को अब इंदौर और उज्जैन विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए नहीं जाना होगा। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में अन्य विषयों के साथ ही आने वाले समय में कृषि विज्ञान की शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय परिसर तक आने जाने के लिए बस की व्यवस्था भी की जाएगी। %मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगोन में टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन का शुभारंभ कर रहे थे।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना का डिजिटल लॉन्च भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 557 करोड़ रुपए लागत की सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती वीरों की धरती है। यहां बाजीराव पेशवा ने प्राण त्यागे थे। वर्ष 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर टंट्या भील ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। उनके प्रति मध्यप्रदेश सरकार ने आदर व्यक्त करते हुए खरगोन के नए विश्वविद्यालय का नाम क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति लागू की। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने इस नीति के अच्छे क्रियान्वयन की उपलब्धि अर्जित की। खरगोन और गुना के नए विश्वविद्यालयों में सभी विषयों की शिक्षा की व्यवस्था रहेगी। पाठ्यक्रमों में कृषि विज्ञान भी भविष्य में जोड़ा जाएगा। ये विश्वविद्यालय और इनसे जुड़े महाविद्यालय आने वाले समय में सिर्फ डिग्री नहीं देंगे बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और प्राचीन सभ्यता के अध्ययन का माध्यम भी बनेंगे। देश में अयोध्या, काशी से लेकर उज्जैन और ओंकारेश्वर विशेष श्रद्धा के केंद्र बने हैं। भारत की पताका समूचे विश्व में लहरा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विराट व्यक्तित्व के धनी हैं। सभी राष्ट्र भारत से मित्रता के इच्छुक रहते हैं। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जी की कार्य संस्कृति के अनुकूल कार्य हो रहा है। ये बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। खरगोन में विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा को आज पूरा किया गया है। निमाड़ अंचल के खरगोन सहित बड़वानी, अलीराजपुर, खण्डवा और बुरहानपुर जिले के लगभग 63 हजार विद्यार्थी भी नए विश्वविद्यालय से लाभान्वित होंगे। इसी तरह गुना में प्रारंभ तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना सहित अशोक नगर और शिवपुरी जिलों के लगभग 61 हजार छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पत्रकार बीआर अहिरवार

नर्मदापुरम, म प्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2024, 3 मार्च 2024 से 9 मार्च 2024 , ग्राम रलायती पनवाड़ी तहसील पचोर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश में आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के 3 स्वयंसेवक,(निकिता सैनी,केतन कुमार यादव,मोहन मांझी),माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय के 3 स्वयंसेवक(सौरभ प्रजापति,पायल बघेल,शिवानी प्रजापति) शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय के 2 स्वयंसेवक(पूजा गोस्वामी, प्रेरणा पाल) शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय से 1 स्वयंसेवक(तुलसी कुशवाह)ने नेतृत्व शिविर में होने वाली गतिविधियां युवा को समाज में बेहतर रूप से जीने एवं नेतृत्व करने के लिए तैयार करती हैं। राज्य स्तरीय शिविर से लौटे स्वयंसेवक का सम्मान समारोह शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित किया गया,ढोल बाजे एवम् फूल मालाओं से स्वयंसेवको का स्वागत किया गया । स्वयंसेवक द्वारा शिविर के अनुभव साझा किए कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई की अधिकारी डॉ. इरा वर्मा द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में नर्मदा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय चौधरी द्वारा सभी स्वयंसेवकों का सर्टिफिकेट व मैडल देकर सम्मानित किया एवम् सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विजय मसराम,जुगल किशोर,शिवम सैनी ,चेतन सैनी ,अमन मेहरा द्वारा किया गया व आभार प्रकट श्री मति डॉ. हंसा व्यास द्वारा किया गया।



# वनवासी कल्याण परिषद मध्यभारत जिला रायसेन की वृहद बैठक सरस्वती विद्या शिशु मंदिर जिला रायसेन में हुई संपन्न





**संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्या ?????? संपर्क सूत्र 6263301848??**


रायसेन। कल दिनांक 10/03/2024 को वनवासी कल्याण परिषद मध्य भारत जिले की वृहद बैठक सरस्वती शिशु मंदिर रायसेन में रखी गई। बैठक में अधिकारीगण प्रांत महामंत्री योगीराज परते जी ,प्रांत संगठन मंत्री तिलक राज दांगी जी द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया ओर उन्हीं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई, जिसमें वनवासी कल्याण परिषद के जिला संगठन मंत्री कमल सिंह भूरिया जी,जिला रायसेन अध्यक्ष शैतान सिंह राजपूत जी ,जिला उपाध्यक्ष राजाराम भिसवार जी ,जिला सचिव बृजेश राय जी तथा महिला जिला प्रमुख कावेरी राठौर जी एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। वृहद बैठक में जिले की कार्यकारिणी समिति बनाई गई एवं उनके दायित्वों की घोषणाएं की गई, जिसमें जिला टोली पुरुष वर्ग 1.जिला उपाध्यक्ष अमिश्र सिंह दीक्षित जी,2. जिला मीडिया प्रमुख हेमंत शाक्या जी। जिला टोली महिला वर्ग 1.जिला महिला सह प्रमुख सोनी भूरिया जी ,2.जिला महिला सचिव संगीता सलाम जी के दायित्व की घोषणाएं की गई तथा विकासखंड बाड़ी ब्लॉक टोली महिला वर्ग में 1.महिला ब्लॉक प्रमुख कुसुम दीवार जी एवं 2.महिला ब्लॉक सह प्रमुख राजवती जी ब्लॉक टोली पुरुष वर्ग में ब्लॉक हित रक्षा प्रमुख हरवेन्द्र राठौर जी की घोषणाएं हुई और विकासखंड अब्दुल्लागंज ब्लॉक टोली महिला वर्ग से महिला ब्लाक प्रमुख अनिता कुमारी जी, महिला ब्लॉक सह प्रमुख ओमवती जी एवं ब्लॉक टोली पुरुष वर्ग में ब्लॉक धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख सीताराम यादव जी एवं विकासखण्ड सांची की ब्लॉक टोली पुरुष वर्ग से ब्लॉक प्रमुख मनीष गोल्डी जी की घोषणाएं की गई । वृहद बैठक जिला रायसेन में 25 पुरुष वर्ग एवं 25 महिला वर्ग की उपस्तिथि रही। पूर्ण संख्या 50 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## रायसेन जिले के बाड़ी के नागिन मोड़ के नये पुल के पास तेज रफ़्तार जा रहा पेट्रोल या गैस का टैंकर पलटा और उसमें लगी भीषण आग

संभाग स्तरीय पत्रकार हेमंत शाक्या
6263301848??

आग लगने से पूरा टैंकर जलकर हुआ राख बहीं टैंकर के ड्राइवर और क्लीनर अभी तक लापता।आग की लपटें इतनी भीषण थी कि मानो ऐसा लगे जैसे बारूद के ढेर में आग लग गई हो।बरेली,बाड़ी,सुल्तानपुर,गोहरगंज और ओबैदुल्लागंज की फायर बिग्रेड आग पर क़ाबू पाने की कर रहीं है कोशिश। देखिए पूरी खबर के साथ मध्यप्रदेश में तेज़ी से लोकप्रिय हो रहे न्यूज़ चैनल प्रदेश खुलासा। रायसेन जिले की हर छोटी बड़ी खबर सबसे पहले जानने के लिए आप बने रहें हमारे साथ।



# महाशिवरात्री के महा पर्व पर बड़े हर्ष महोत्सव के साथ मनाया गया







पत्रकार हेमंत शाक्या
??6263301848????

दिनाँक 08/03/24 शुक्रवार को ग्राम छोटी कॉलोनी खपरिया में भिलट देव टेकरी पर भगवान भोले नाथ के शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई और नगर में शिव बारात निकाली जिसमे समस्त ग्राम वासी जयकारे लगा कर बाबा की धुन पर गाने के साथ नाचे नगर भ्रमण हुआ जिसमे 09/03/24 महाआरती महाप्रशादी भंडारा का अयोजन किया गया इस महा आयोजन की तयारी महाशिवरात्रि से पहले जोरो से चल रही थी बाबा भिलट के टेकरी को बड़े लाइट की सजाबट से जगमगाया दिया

### मुख्य यजमान -

राजू उइके , गुड्डू लाल बट्टे, मुकेश नंदवंशी , खेमचंद नंदवंशी, गया प्रसाद नंदवंशी,कमल नंदवंशी सुमेर सिंह, विनोद उइके , राजू , बबलू जालम सिंह सभी यजमानों ने यज्ञ साला में जोड़ो के साथ बैठे और भगवान भोले नाथ के शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा में आहुति दी

### कार्य करता-

शुभम नंदवंशी,विनोद उइके, रोहित बट्टे, गोपाल नंदवंशी, अमित नंदवंशी, पप्पू उइके, शेखर उईके, बिर्जेश, सभी कार्य करताओ ने लगन के साथ इस आयोजन को सफल बनाया आयोजन 5 दिन तक चला समस्त ग्राम वासी के सहयोग से सफल हुआ

# तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन में बड़ा हादसा अनियंत्रित ट्राला बारात में घुसा, 5 लोगों की मौत

## अनियंत्रित ट्राला बारात में घुसा, 5 लोगों की मौत
## सुल्तानपुर क्षेत्र घाट खमरिया की घटना, मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**स्टेट प्रमुख हेमंत शाक्य**
**संपर्क सूत्र 6263301848**
**जिला ब्यूरो चीफ रामेश्वर नरवरिया जी**



रायसेन। जिले के सुल्तानपुर में रात करीब 9 बजे एक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग घायल हो गए है। हादसे के बाद मौके पर कलेक्टर तथा एसपी पहुंच गए है। उल्लेखनीय है कि सोमवार की रात करीब 9 बजे रायसेन जिले के सुल्तानपुर में एक बारात सड़क पर निकल रही थी, उसी समय एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर बारात में घुस गया। हादसे में करीब 5 लोगों की मौत होना बताया जा रहा है, जबकि 20 लोग बुरी तरह घायल हो गए है, जिन्हें सिविल अस्पताल तथा जिला अस्पताल इलाज के लिए एम्बुलेंस से भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर कलेक्टर अरविंद दुबे तथा एसपी विकास सहवाल पहुंच गए है। वहीं ट्राले के ड्रायवर को गरफ्तार कर ट्राला को थाने में करा खड़ा दिया है। प्रत्यक्ष दर्शी लोगों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कुछ लोगों के हाथ पैर धर से अलग हो गए है, जबकि कुछ लोगों की स्थिति देखने लायक नहीं थी। एसपी विकास कुमार शाहवाल ने बताया शुरुआती जानकारी में 5 लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों का आकंडा बढ़ भी सकता है। वैसे अनादिकृत जानकारी के अनुसार आठ लोगों की मौत हुई है।

## साढ़े पांच हजार नये मतदाता करेंगे वोटिंग लोकसभा चुनाव-2024 के


# दृष्टिगत सभी तैयारियां समय-सीमा में हों निर्वाचन आयोग के निर्देश




भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन
कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भोपाल जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में आज निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को सौंपे गए दायित्वों की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और आगामी निर्वाचन के लिए की गई तैया?रियां एवं शेष कार्य की जानकारी से अवगत करवाया गया। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए आयुक्त नगर निगम भोपाल को आदर्श आचरण संहिता एवं विभिन्न निगरानी दल, कल्याण अधिकारी का नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह को प्रशिक्षण प्रबंधन, स्वीप, मतगणना स्थल पर संपूर्ण व्यवस्था, एडीएम हरेन्द्र नाराण को परिवहन प्रबंधन, कानून व्यवस्था, वीडियोग्राफी वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रेकिंग, क्रिटिकल एवं बल्नरेवल मैपिंग, जिला स्तर पर आयोजित की जानी वाली रैलियां, आमसभा की अनुमतियां ऑनलाइन ऑफलाइन, एडीएम भूपेन्द्र गोयल को शिकायत प्रबंधन, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त शिकायतें, सीविजिल पर प्राप्त शिकायतें, रैली, सभा, जुलूस आदि की अनुमति, कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, एडीएम अंकिता धाकरे को प्रेक्षक, आर्ब्जवर, डिस्ट्रिक इलेक्शन प्लान, मानव क्षमता प्रबंधन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।
इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टरों को सामग्री प्रबंधन, सामग्री प्राप्ति एवं वितरण की व्यवस्था, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, ईव्हीएम प्रबंधन,मतदाता सूची से संबंधित कार्य मतदान केन्द्र संबंधित कार्य एवं प्रवेश पत्र तैयार करना, कम्युनिकेशन प्लान, संयुक्त कलेक्टर इकबाल मोहम्मद को मतपत्र मुद्रण, मतदान दल एवं अन्य कर्मचारियों का मानदेय, रिजल्ट, सीट टेबुलेशन तैयार करना, अपर आयुक्त नगर? निगम निधि सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा को डाकमत पत्र, ई.टी.पी.बी.एस एवं 80 वर्ष से अधिक के मतदाताओं को एवीएससी का कार्य, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी को चिकित्सकों की नियुक्ति सहित अन्य अधिकारियों को इलेक्शन से संबंधित सौंपा गया हैं। उप संचालक जनसम्पर्क विभाग को सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकी का प्रयोग, जिला सोशल मीडिया प्रभार, मीडिया से प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं एमसीएमसी का कार्य, जिला आपूर्ति नियंत्रक को भोजन व्यवस्था का कार्य सौंपा गया हैं। बैठक में बताया गया कि 6 जनवरी 2024 की स्थिति में जिले में 20 लाख 90 हजार 488 मतदाता थे। पुनरीक्षण अभियान के दौरान 16034 नाम जोड़े गये है साथ ही 14031 नए नाम हटाये गये है एवं 14639 मतदाताओं के नामों में संशोधन किया गया है। अब तक की स्थिति में 5 हजार 609 नये मतदाता का नाम इस बार लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मतदाता का प्रयोग करेंगे जिले में कुल 20 लाख 96 हजार 097 मतदाता है एवं जिले में मतदाता केन्द्रों की संख्या 2034 है।

# सभी निजी स्कूलों में पुस्तकें, यूनीफार्म व अन्य सामग्री बेचने पर अंकुश लगाये जाने के आदेश जारी

## भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन



कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट जिला-भोपाल

क्रमांक/342/अजिद/2024/ भोपाल, दिनांक 12/03/2024

:: आ दे श ::

( अंतर्गत धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 )

भोपाल जिले में शासकीय, अशासकीय विद्यालय/कालेज संचालित है, इनमें अशासकीय स्कूलों/कालेजों/शैक्षणिक संस्थाओं में काफी बड़ी संख्या में विधार्थी अध्ययनरत है। विभिन्न सूत्रों से जानकारी आया है, कि शिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर कई अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शाला में पढ़ने वाले विधार्थियो को उनके द्वारा बताई गई विशेष दुकान से ही पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफार्म तथा अन्य सामग्री क्रय करने के लिये बाध्य किया जाता है तथा कई स्कूलों में स्वयं स्कूल प्रबंधन द्वारा पुस्तकें एवं यूनिफार्म तथा अन्य सामग्री विक्रय कराई जाने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त हो रही हैं।

मैं संतुष्ट हूँ कि इस तरह की गतिविधियों के कारण इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों में रोष होने के फलस्वरूप अप्रिय स्थिति एवं तनाव हो सकता है, जिससे कभी भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अतः भोपाल जिले के समस्त अशासकीय विद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में पुस्तकें एवं यूनीफार्म तथा अन्य सामग्री विक्रय कराई जाने तथा किसी विशेष दुकार से पाठ्य पुस्तके, यूनीफार्म तथा अन्य सामग्री क्रय करने हेतु बाध्य करने पर अंकुश लगाये जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही हैं।

अतः मैं **कौशलेन्द्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भोपाल दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जन सामान्य के हित में समस्त अशासकीय विद्यालयों में पुस्तकें एवं यूनीफार्म तथा अन्य सामग्री विक्रय कराई जाने पर अंकुश लगाये जाने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करता हूँ :-

1- भोपाल जिले में संचालित समस्त अशासकीय विद्यालय, जो माध्यमिक शिक्षा मण्डल/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध हैं । इन समस्त विद्यालयों को मध्य प्रदेश राजपत्र असाधारण दिनांक 02 दिसम्बर 2020 स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में उल्लेखित निर्देशो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा । सभी अशासकीय विद्यालयों के लिये यह अनिवार्य है कि वे आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य के साथ कक्षावार पुस्तको की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करें और शाला के विद्यार्थियों को ऐसी सूची मांगने पर उपलब्ध कराई जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकगण इन पुस्तकों को उनकी सुविधा अनुसार खुले बाजार से क्रय कर सके। प्रत्येक स्कूल प्रबंधक/प्राचार्य अपने स्कूल में प्रत्येक कक्षा में लगने वाली

(2)

पाठ्य पुस्तकों तथा प्रकाशक की जानकारी को वेबसाइट E-Mail ID deobho mp@nic.in पर अनिवार्यतः प्रेषित करेंगें ।

2. किसी भी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर विद्यालय का नाम अंकित नही होना चाहिये विद्यालय के सूचना पटल पर यह भी अंकित किया जावे कि किसी दुकान विशेष से सामग्री क्रय करने की बाध्यता नही है। कही से भी पुस्तकें/यूनिफार्म व अन्य आवश्यक सामग्री क्रय की जा सकती है।

3- पुस्तकों के अतिरिक्त शालाओं द्वारा यूनीफार्म, टाई, जूते, कापियॉ आदि भी उन्ही की शालाओं से उपलब्ध/विक्रय कराने का प्रयास नही किया जावेगा। विद्यालय की स्टेशनरी/यूनिफार्म पर विद्यालय का नाम प्रिन्ट करवाकर दुकानों से क्रय करने अथवा एक विशिष्ट दुकान से यूनिफार्म/पाठ्यपुस्तकें बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

4- संबंधित एस0डी0एम. एवं जिला शिक्षा अधिकारी इस आदेश का पालन सुनिश्चित करायेंगें ।

यह आदेश आम जनता को संबोधित है चूंकि वर्तमान में मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितियां नही है और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति/ प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को दी जावें। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश से व्यथित व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (5) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा, अत्यंत विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरकर्ता के संतुष्ट होने पर आवेदक को किसी भी लागू शर्त से छूट दी जा सकेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा । इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/विद्यालय के प्राचार्य/प्रबंधक के विरुद्व भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

यह आदेश दिनांक 12 /03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया हैं।

(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
जिला भोपाल

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भोपाल कौशलेन्द्र विकम सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जन सामान्य के हित में सभी अशासकीय विद्यालयों में पुस्तकें एवं यूनीफार्म तथा अन्य सामग्री बेचे जाने पर अंकुश लगाने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये हैं।जारी आदेश अनुसार भोपाल जिले में संचालित सभी अशासकीय विद्यालय, जो माध्यमिक शिक्षा मण्डल, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध हैं। इन सभी विद्यालयों को मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण 2 दिसम्बर 2020 स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में उल्लेखित निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। सभी अशासकीय विद्यालयों के लिये यह अनिवार्य है कि वे आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य के साथ कक्षावार पुस्तको की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करें और शाला के विद्यार्थियों को ऐसी सूची मांगने पर उपलब्ध कराई जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकगण इन पुस्तकों को उनकी सुविधा अनुसार खुले बाजार से क्रय कर सके। प्रत्येक स्कूल प्रबंधक, प्राचार्य अपने रूकूल में प्रत्येक कक्षा में लगने वाली पाठ्य पुस्तकों तथा प्रकाशक की जानकारी को वेबसाइट श्व-रूद्बद्य द्बष्ठ स्रद्गशड्ढद्धश- द्बश्चञ्चठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर अनिवार्यतः प्रेषित करें। किसी भी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर विद्यालय का नाम अंकित नही होना चाहिये। विद्यालय के सूचना पटल पर यह भी अंकित किया जाए कि किसी दुकान विशेष से सामग्री क्रय करने की बाध्यता नही है। कही से भी पुस्तकें या यूनिफार्म व अन्य आवश्यक सामग्री क्रय की जा सकती है। पुस्तकों के अतिरिक्त शालाओं द्वारा यूनीफार्म, टाई, जूते, कापियॉं आदि भी उन्ही की शालाओं से उपलब्ध, विक्रय कराने का प्रयास नहीं किया जाएगा। विद्यालय की स्टेशनरी, यूनिफार्म पर विद्यालय का नाम प्रिन्ट करवाकर दुकानों से क्रय करने अथवा एक विशिष्ट दुकान से यूनिफार्म, पाठ्य पुस्तके बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित एसडीएम एवं जिला शिक्षा अधिकारी इस आदेश का पालन सुनिश्चित करायेंगें । यह आदेश आम जनता को संबोधित है चूंकि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियां नहीं है और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को दी जाए। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधक के विरुद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## स्वाभिमानी लोग ही संघर्ष की परिभाषा समझते है , जिनका स्वाभिमान मरा हैं वे गुलाम हैं

DS4, वामसेफ व BSP संस्थापक , करोड़ो दलितों पिछड़ें वंचितों का सामाजिक एवं राजनैतिक मार्ग प्रसस्त करने वाले एवं डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जी की विचारधारा को जिंदा करने वाले मान्यवर साहब कांसीराम जी की जयंती पर मेरा सादर कोटि कोटि नमन।



# एक राष्ट्र एक चुनाव समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने तथा राज्य विधानसभा कार्यकाल को छोटा करने की सिफारिश की

**भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव की वकालत करते हुए ÷एक राष्ट, एक चुनाव÷ पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति ने अपनी 18,626 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। पिछले वर्ष सितंबर में स्थापित समिति को %एक राष्ट, एक चुनाव% की अवधारणा की जांच करने का काम सौंपा गया था। इसके संदर्भ की शर्तों में लोकसभा, राज्य विधान सभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने की जांच और सिफारिश शामिल थी। समिति को भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और अन्य संबंधित कानूनों में विशिष्ट संशोधन का प्रस्ताव देना था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में सरकार, व्यवसायों, श्रमिकों, न्यायालयों, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और सिविल सोसाइटी जैसे विभिन्न हितधारकों पर बोझ का हवाला देते हुए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। जटिलताओं को प्रबंधित करने के लिए, समिति ने दो कदम सुझाए। सबसे पहले, इसने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। दूसरे, इसने नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ यह सुनिश्चित करते हुए तालमेल करने का प्रस्ताव दिया कि नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव बाद के 100 दिनों के भीतर आयोजित किए जाएं। समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की शर्तों को समकालिक बनाने के लिए संविधान में अनुच्छेद 82 ए जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। इस अनुच्छेद के लागू होने (÷नियुक्त तिथि÷) के बाद होने वाले आम चुनावों में गठित सभी राज्य विधानसभाएं लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगी। उदाहरण के लिए, यदि यह अनुच्छेद जून 2024 में लागू होता है, तो इस अधिसूचना के बाद बनने वाली सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल केवल 2029 तक होगा। इसलिए, यदि राज्य में चुनाव 2027 में होते हैं, तो विधानसभा का कार्यकाल लोकसभा के साथ.2029 में समाप्त होगा।लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के उद्देश्य से, समिति सिफारिश करती है कि भारत के राष्ट्रपति, आम चुनाव के बाद लोक सभा की पहली बैठक की तारीख को अधिसूचना द्वारा जारी कर सकते हैं, इस अनुच्छेद 82 ए के प्रावधान को लागू हो, और अधिसूचना की उस तारीख को नियुक्त तिथि कहा जाएगा और नियत तिथि के बाद और लोक सभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति से पहले राज्य विधान सभाओं के चुनावों द्वारा गठित सभी राज्य विधान सभाओं का कार्यकाल केवल अगले आम चुनावों तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए होगा। इसके बाद, लोक सभा और सभी राज्य विधान सभाओं के सभी आम चुनाव एक साथ आयोजित किए जाएंगे।%%प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर ध्यान देने के लिए एक कार्यान्वयन समूह की सिफारिश की गई है। अनुच्छेद 82 ए (4) के अनुसार, यदि चुनाव आयोग की राय है कि आम चुनाव के समय किसी विधान सभा के चुनाव नहीं कराए जा सकते हैं, तो वह राष्ट्रपति को एक आदेश द्वारा उस विधान सभा के चुनाव की घोषणा करने की सिफारिश कर सकता है। विधानसभा बाद की तारीख में आयोजित की जा सकती है। इसके अलावा, त्रिशंकु सदन और अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में नए सिरे से चुनाव हो सकते हैं। विशेष रूप से, ऐसे मामलों में कार्यकाल केवल शेष अवधि के लिए होगा। दूसरे शब्दों में, यह पूर्ण कार्यकाल अर्थात पांच वर्ष का शेष भाग होगा । इसके अलावा, इस अवधि की समाप्ति सदन के भंग होने के रूप में कार्य करेगी। उदाहरण के लिए, यदि कोई सरकार सदन के दूसरे वर्ष में अविश्वास प्रस्ताव में गिर जाती है, तो नए चुनाव कराए जा सकते हैं। हालांकि, नई सरकार के पास केवल तीन साल का शेष कार्यकाल होगा। इस संबंध में अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन प्रस्तावित हैं। अन्य प्रस्तावित संशोधनों में स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए अनुच्छेद 324ए की शुरुआत शामिल है। प्रस्तावित अनुच्छेद 324 ए इस प्रकार है- ÷ अनुच्छेद 243 ई और 243 यू में कुछ भी होते हुए भी , संसद कानून द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान कर सकती है कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव आम चुनावों के साथ-साथ आयोजित किए जाएं, और इस उद्देश्य के लिए, आवश्यक प्रावधान कर सकती है, जिसमें नगर पालिकाओं के कार्यकाल के निर्धारण के प्रावधान भी शामिल हैं।

पंचायतों को उनकी पहली बैठक के लिए नियुक्त तिथि से पांच साल की समाप्ति से पहले, और मध्यावधि चुनाव के तहत गठित ऐसी नगर पालिकाओं और पंचायतों के कार्यकाल को अगले आम चुनाव तक उनके कार्यकाल की शेष अवधि तक सीमित की जा सकती है। इस प्रयोजन के लिए, एकल चुनाव को सक्षम करने के लिए अनुच्छेद 325 में संशोधन किया गया मौखिक नामावली और एकल निर्वाचक फोटो पहचान पत्र की भी सिफारिश की गई है। यह देखते हुए कि स्थानीय निकाय राज्य सूची में हैं, राज्यों द्वारा अनुसमर्थन आवश्यक है। हालांकि, लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं है। पाठकों का ध्यान इस तथ्य की ओर भी आकर्षित किया जा सकता है कि समिति ने अपने गठन के बाद 191 दिनों तक इस विषय पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा, समिति के अन्य सदस्यों में गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, पूर्व वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति को बुढार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल





**रोहित तिवारी**

दिनांक 13.03.2024 को थाना बुढार अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लफदा हर्रा टोला में गया प्रसाद चर्मकार ने अपनी पत्नी दीपा बाई चर्मकार उम्र 33 वर्ष की हत्या सिर में टांगी (कुल्हाडी) से मारकर कर दी है। सूचना पर आरोपी गया प्रसाद चर्मकार उम्र 35 वर्ष के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटना स्थल पहुँचकर घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल रवाना किया गया। स्वयं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डी. सी. सागर के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मौके पर अतिरिक्त पुलिस अथीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, थाना प्रभारी बुढ़ार,फोरेंसिक विशेषज्ञ एवं फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ के द्वारा साक्ष्यों का संकलन करने और विवेचना आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिये गए। साथ ही एडीजीपी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी बुढ़ार को मृतिका के तीन छोटे बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पालन-पोषण के संबंध में सहानुभूति पूर्वक ध्यान देकर अन्य विभागों से समन्वय बनाने हेतु भी निर्देशित किया गया। पुलिस ने सूचना के चंद घण्टों केभीतर आरोपी गया प्रसाद चर्मकार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करते हुए जेल भेज दिया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार निरी संजय जायसवाल के नेतृत्व में उनिश उमाशंकर, सउनि0गुलाम हुसैन, प्र0आर0 जवाहर सिंह, आर0 मनोज एवं प्र0आर0 चालक प्रभात सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संत श्री नेतराम महाराज बाबा जी के निधन उपरांत 10 मार्च को होगा अमृतवाणी शांति पाठ वो श्रद्धांजलि सभा

**सामाजिक संगठनों के प्रमुखों के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजली**

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार

बेलखेडी, गोटेगांव समाज में अनवरत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की वाणी को फैलाने वाले, युवाओं को प्रेरणा देने वाले एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले जिला नरसिंहपुर तहसील गोटेगांव बेलखेडी संत रविदास जी महाराज जी के मंदिर के सेवादार परम सम्मानित श्री संत नेतराम महाराज बाबा जी का ह्रदय गति रुक जाने पर दिनांक 26 फरवरी 2024 को भगवान् संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज जी की जयंती यात्रा के दौरान परिनिर्वाण हो गया है. श्रद्धेय बाबा जी बाल्काल से ही संत रविदास जी की वाणीओं को शिरोधार्य कर गुरु जी के विचारों को फैलाने का महान कार्य करते थे. उनके अथक प्रयास से जिला नरसिंहपुर में इतिहासिक मंदिर/ आश्रम है. जहां पर सामाजिक चेतना और उत्थान की गतिविधियां संचालित की जाती रही है. बाबा समूचे प्रदेश व देश में भ्रमण कर गुरु जी के विचारों के अलावा बहुजन समाज में जन्में महापुरुषों के बतलाये मार्ग पर चलने की हमेशा प्रेरणा देकर समाज को जागरुक करते हुए सदैव महान कार्य करते आये है. संत नेतराम महाराज जी नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा नगर चीचली के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सन् 1942 में बहुजन समाज के खातिर बलिदान देने वाले वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने की मुहिम में शामिल होकर आंदोलन में सहयोग कर सरकार से मांग करते आ रहे थे. इन्होंने समाज में अलख जगाई और बताया कि रविदास समाज कुल में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जिला नरसिंहपुर में समाज के एकमात्र शहीद हुए है. जिन्हें आज तक की किसी भी सरकार ने सम्मान न देकर समूची समाज की अनदेखी की है. बाबा जी का सपना था की वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी के जन्म स्थान पर विशाल स्मारक, पार्क, आदमकद मूर्ति और प्रेरणा केन्द्र बना कर शहीद परिवार को सम्मानित किया जाये. बाबा जी अपने आश्रम समिति के माध्यम से और रविदासिया धर्म संगठन के माध्यम से निरंतर सेवा भाव से जुड़े थे. जिनके निधन पर दिनांक 10 मार्च 2024 को संत रविदास धाम, बेलखेडी (शेर नदी पुल के पास) तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में श्रद्धांजलि सभा व भगवान् रविदास अमृतवाणी शांति पाठ का आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संत समाज, प्रबुद्ध जन सामाजिक कार्यकर्ता, संगठनों के प्रतिनिधी और समाज के सभी नागरिक श्रद्धांजलि सभा में सम्मलित होगें. इनके निधन पर संत श्री राधाकिशन दास महाराज जी, श्री माधो सिंह अहिरवार जी, श्री महेश नंदमेहर जी, श्री बारेलाल अहिरवार जी, श्री जगदीश वर्मा जी, श्री राजेश कुमार जी, श्री अमानसिंह नरवरिया जी, श्रीराम सीताशरण सूरवंशी जी, श्री खिलान सिंह अहिरवार जी, श्री सुम्मेर सिंह जाटव जी, श्री प्रताप सिंह जाटव जी, श्री मूलचन्द मौरे जी, श्री मुकेश चौधरी जी सहित सभी सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने बाबा जी के निधन पर दुख व्यक्त कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए बताया है कि हमारे बीच से एक महान संत सदा के लिए जुदा हो गयें है. जिनकी सदैव कमी समाज को रहेगा. शहीद मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र श्री मूलचन्द मेधोनिया व परिवार की ओर से बाबा जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुख जताया है व कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर मनीराम अहिरवार जी की उन्होंने पुरजोर सम्मान की लडाई लड़ी है. जिनके कार्य के लिए शहीद परिवार उनका सदा ऋणी रहेगा।



# बस्तर से अब दिल्ली नही दूर,हुई विमान सेवा की शुरुआत

## वाटर केनन से विमान का किया गया स्वागत











**दीपती बाजपेयी**

जगदलपुर-बस्तर से दिल्ली के लिए आज मंगलवार से विमान सेवा की शुरुआत हो गयी है और इस दौरान आज मंगलवार को दंतेश्वरी एयरपोर्ट में विमान का वाटर केनन से स्वागत किया गया है आप को बता दे कि बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार आज मंगलवार को पूरी हो गई और दिल्ली से जगदलपुर हवाई सेवा की शुरुआत हो गयी एलायन्स एयर की फ्लाइट दिल्ली से शुरू होकर जबलपुर होते जगदलपुर सुबह 11.30 बजे लैंड किया, विमान के आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर उसका वाटर केनन से स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक किरण देव ने प्रधानमंत्री, विमानन मंत्रालय, मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए दिल्ली के लिए सीधी सेवा के लिए बस्तर वासियों को बधाई दी। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### बस्तर के लिए रहा ऐतिहासिक लम्हा

शहर से दिल्ली के लिए फ्लाइट आज रवाना हुई। और यह लम्हा बस्तर के लिए ऐतिहासिक रहा बताया जा रहा है कि सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को यह फ्लाइट दंतेश्वरी एयरपोर्ट से ऑपरेट होगी। और दिल्ली से सुबह 7.30बजे उड़ान भरेगी, 9.50 को जबलपुर पहुंचेगी वहां 30 मिनट का स्टॉपेज लेकर 10.15 बजे जगदलपुर के लिए उड़ान भरकर 11.35 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। दोपहर 12 बजे फ्लाइट यहां से रवाना होगी दोपहर 1.25 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वहां से फ्लाइट 1.50 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी जो कि दोपहर 3.55 बजे दिल्ली पहुंचेगी। आज पहले दिन शहर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के लिए 27 यात्रियों ने टिकट बुक करवाई है। इसी विमान से 24 यात्री जगदलपुर पहुंचे। विमान की दिल्ली के लिए सेवा प्रारंभ होने पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विमान सेवा के विस्तार के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के साथ ही बस्तर में विमान सेवा बढ़ाने का लगातार प्रयास किया गया जिसमें स्थानीय विधायक किरण देव की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। हमारे एयरपोर्ट से इस माह दो विमान सेवा प्रारंभ की जा रही है जो क्षेत्र के विकास, पर्यटन, व्यापार के लिए लाभप्रद होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप,महापौर सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी.,पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, एयरपोर्ट संचालक विदेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में यात्रियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया साथ ही यात्रियों ने भी अपना अनुभव को साझा किया। विमान के पायलट, कोपायलट, क्रू के सदस्यों के साथ उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर कार्यक्रम को सेलिब्रेट किए। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने उड़ान योजना के तहत बस्तर से यह सेवा शुरू की है। जगदलपुर-दिल्ली सेक्टर को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम में शामिल किया है। आने वाले तीन साल तक बस्तर के यात्री रियायती दर पर इस रूट पर यात्रा कर पाएंगे। लंबे वक्त से बस्तर से दिल्ली की फ्लाइट शुरू करने की मांग की जा रही थी जो कि अब जाकर पूरी हुई है, बस्तर के लिए यह बड़ी सौगात है।

# फर्जी रशीद से हो जाये सावधान लालपुर मजार के नाम से काट रहे फर्जी रशीद

## धनपुरी के दो वसूलीबाज कहीं आपके दरवाजे पर तो नही दे रहे दस्तक

रोहित तिवारी

बुढ़ार । लोगों की जेब से पैसा निकालने और वसुली किये जानें के अब लोग अनेक अनेक तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इंसान अब पैसे और लालच की भूख में ऐसा हो गया है कि वह धर्म और आस्था को भी नहीं बख्स रहा। स्थितियां ऐसी है कि धर्म को आड़ बनाकर कुछ लोग वसूली करनें पर आमादा है और सुबह से लेकर देर रात तक इनका एक सूत्रीय वसूली कार्यक्रम शुरू रहता है। दरअसल मामला लालपुर मजार से जुड़ा है। इस क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के तमाम समीपी क्षेत्रों में लालपुर मजार आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है। मुस्लिम वर्ग के साथ अन्य संप्रदाय के लोगों की भी इस स्थल पर गहरी





आस्था है। जिसका फायदा इन दिनों कुछ लोगों द्वारा उठाया जा रहा है।

### आसपास के क्षेत्रों से कर रहे वसूली

जानकारी के मुताबिक बीते लगभग एक माह से मजार में विभिन्न निर्माण कार्य कराने व पूर्व में कराये जा चुके निर्माण कार्य की राशि अदा करनें के नाम पर धनपुरी के दो शख्स फर्जी रूप से चंदा वसूली कर रहे हैं। जानकारों नें बताया कि अपनें आपको मजार के सेवादार के पुत्र व रिश्तेदार बताकर उक्त दोनों शख्स सुबह से ही चंदा वसूलने निकल पड़ते हैं। जानकारों नें बताया कि यह जिले के विभिन्न स्थानों सहित अनूपपुर, उमरिया, कोतमा, बिजुरी,मनेन्द्रगढ़ तक वसूली कर रहे हैं।

### फर्जी रसीद से कर रहे वसूली

लालपुर मजार से जुडे सेवादार व अन्य स्थानीय लोगों नें बताया कि लालपुर मजार में अब तक कोई भी कार्य चदे की राशि से नहीं किया गया है। यह आस्था का ऐसा स्थल है जहां विभित्र धर्म संप्रदाय के लोग जब आते हैं तो स्वयं ही मजार के स्थान विशेष पर आवश्यकता व अपनी क्षमता के अनुरुप कार्य करा जाते हैं। स्थानीय जनों और वहां मौजूद सेवादार नें बताया कि मजार के नाम पर चंदा लिये जानें कि कोई रशीद आज तक नहीं छपी है और न ही कोई कमेटी का गठन हुआ है, ऐसे में फर्जी रशीद छपवाकर वसूली करनें वाले धर्म के नाम पर सिर्फ कमाई कर रहे हैं, जिनसे सावधान रहनें की आवश्यकता है। कुछ लोगों से तो इन वसूलीबाजों ने अपने नंबर पर ऑनलाइन पैमेट के द्वारा दान लिया है।

### रमजान का शुरू हो रहा पवित्र महीना

रमजान का पवित्र महिना शुरू हो रहा है ऐसे में सभी लोग आस्था के साथ साथ गरीबों को भी बढ़ चढ़कर दान देने में पीछे नही हटते चाहे वो कोई भी धर्म का हो सभी के लिए रमजान का महीना पवित्र महिना है जिसमें सभी लोग मदद करने में पीछे भी नही हटते ऐसे में कुछ लोगों द्वारा आस्था के नाम का ढोंग रचा लोगों को चूना लगाने में भी नही चूकते इन लोगों ने आस्था के नाम पर अभी से नही बल्कि कई वर्षों से लूट मचा कर रखे हैं लाखों रूपये कमा कर खुद अय्यासी करते हैं रशीद का एक रूपये भी मजार पर नही पहुँचता है। आज तक लालपुर मजार में जितने भी कार्य हुये हैं सब आस्था से जुड़े लोग स्वयं आकर अपनी इच्छा से जो कमियाँ उन्हे नजर आती है उसे वो स्वयं पूरा करवा देते हैं।

### सीधे मजार पर आकर करें दान

मजार में मौजूद सेवादार सहित मजार से जुडे तमाम लोगों ने अपील करते हुये कहा है कि जिस भी व्यक्ति को मजार पर आस्था है और वह इस स्थान के लिये आर्थिक रुप से सहायता करना चाहता है। वह सीधे लालपुर मजार में आकर दान कर सकता हैं। या मजार में आपको जो कमियाँ नजर आती है उसे आप स्वयं पूरा कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं हम आपको यह स्पष्ट बता देना चाहते हैं कि इस स्थान के लिये न कोई रशीद छपी है और न ही इस स्थान के नाम पर किसी तरह का चंदा वसूला जाता है।

**वसूलीबाजों के नाम बुढार थाने में भी हो चुकी है शिकायत:** इसी मामले को लेकर बीते दिनों मजार के सेवादार की पत्नी नें बुढ़ार थानें में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि चंगेज खान पिता मो. मुख्तार, व उसका साथी आबिद खान पिता मो.जलालुद्दीन दोनों निवासी धनपुरी नें. 04 रजा मोहल्ला धनपुरी मजार आये और जब उनसे सेवादार नें फर्जी तरह से चंदा वसूल किये जानें की शिकायत की तो वह सेवादार के साथ मारपीट पर उतारु हो गये और जान से मारने की धमकी देनें लगे गाली गलौच करने लगे। बुढ़ार थानें में उक्त शिकायत पर धारा 352,504 के तहत मामला भी पंजीबद्ध किया गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन वसूलीबाजों पर कब तक नकेल कसने में कामयाब होती है या फिर इन वसूलीबाजों का धंधा यूँ ही जारी रहेगा ।

# द्रोणाचल स्थित वॉर मेमोरियल जन सामान्य के लिए खोला जाएगा




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल स्थित सेना के स्ट्राइक कोर के जनरल आफिसर कमांडिंग श्री प्रीतपाल सिंह तथा ब्रिगेडियर एस.एस. छिल्लर ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को हेड क्वार्टर 21 कोर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जीओसी श्री प्रीतपाल सिंह ने अवगत कराया की द्रोणाचल स्थित वॉर मेमोरियल शीघ्र ही जन सामान्य के लिए खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा सहित अन्य आपदाओं के दौरान सेना द्वारा दिए गए त्वरित सहयोग की सराहना की। कर्नल विशाल आहूजा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## बुढार शहर के बीचो-बीच रेस्ट हाउस के पास खूब चले डंडे और घूसे प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल

शहडोल जिले से बड़ी खबर है इन दिनों जहां पर पुलिस व्यवस्था रहने के बावजूद भी बीच सड़क में बुढार शहर के बीचों बीच दो गुटों में खूब हाकी और घूसे चले यहां पर देखना यह है कि शहर के बीचों बीच पुलिस व्यवस्था के रहने के बावजूद भी यह कृत्य शहर के बीचो-बीच घटित हो गई घटना

## माधव इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक छात्र संघ ग्वालियर मध्य प्रदेश ने ग्वालियर जनजाति कार्य विभाग में लंबित समस्याओं के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान कलेक्टर महोदय को भेजा ज्ञापन

मीडिया रिपोर्ट में माधव इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ावर्ग/अल्पसंख्यक छात्र संघ के संस्थापक इंजीनियर राहुल अहिरवार एवं अध्यक्ष सुरभि अहिरवार एवं यूनियन कोर सदस्य अंकित ने बताया कि माधव इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर के अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों के 2022-23 से ढाई लाख से अधिक आय एवं ढाई लाख से कम आय वाले छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया एवं आवास राशि का भुगतान नहीं किया गया एवं लेटर एंट्री छात्रों के अन्य शुल्क का भुगतान नहीं किया गया, जिससे छात्रों को अध्ययन कार्य प्रभावित हुआ है एवं संस्था की शिक्षा शुल्क जमा करने में अत्यंत कठिनाइयों के सामना करना पड़ रहा है, इसी संबंध में छात्रों की समस्त समस्याओं को बिंदुवार लेख करके श्रीमान कलेक्टर महोदय ग्वालियर एवं माननीय मुख्यमंत्री जी, आयुक्त अनुसूचित जाति जनजाति कार्य विभाग भोपाल को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया।



Since 2020

माधव इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर अनु.जाति जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक छात्रसंघ ग्वालियर मध्यप्रदेश

पत्राचार का पता: एम.आई.टी.एस गोला का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 ई-मेल:-Surbhishri325@gmail.com

सुरभि अहिरवार, अध्यक्ष, मो.76973 73947 | इंजी.अभिषेक जांगरिया, कार्यकारणी प्रमुख अध्यक्ष | इंजी.अशोक राठौर (पूर्व छात्र), उप-संस्थापक | इंजी.राहुल अहिरवार (पूर्व छात्र), संस्थापक

पत्र क्र:- Q-1 | दिनांक:-26/02/2024 12/3/24

प्रति,

डॉक्टर मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री म.प्र शासन भोपाल
(2) माननीय आयुक्त महोदय
जनजाति कार्य विभाग भोपाल
(3) माननीय कलेक्टर महोदय
जिला ग्वालियर म.प्र शासन
(4) श्रीमान सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग ग्वालियर

विषय:- अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों की जनजाति कार्य विभाग से संबंधित लंबित निम्नलिखित समस्याओं का निराकरण के संबंध में,

महोदय,

उपरोक्त विषय में मैं सुरभि अहिरवार अध्यक्ष "MITS GWL SC/ST/OBC UNION" श्रीमान जी को अवगत कराना चाह रही हु, कि माधव इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर के अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों की बिंदुवार निम्नलिखित समस्याओं का अति शीघ्र निराकरण किया जाए,

(1) 2.50 लाख (ढाई लाख) से अधिक आय वाले अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों की 2022-23 कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाए,

(2)2.50 लाख (ढाई लाख) से कम आय वाले अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों की वर्ष 2022-23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का स्टेट गवर्नमेंट की 40% छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाए,

(3) वर्ष 2021-22 की अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि लैटरल एंट्री छात्रों की Rs 2600 कम आये हुए थे, जिसका पृथक से डिफरेंस राशि बनाकर नोडल अधिकारी प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्वालियर द्वारा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण

## सफर जिंदगी का आसान नहीं है



सफर जिंदगी का आसान नहीं है
दुनिया में सस्ता सामान नहीं है

1

जन्म से लेकर मृत्यु तक
हमे संघर्ष करना पड़ता है,
कदम-कदम पर है बाधाएं
उन सबसे लड़ना पड़ता है,
मंजिल तक पहुंचते हैं वही
जो यहां नादान नहीं। है ,
सफर जिंदगी का आसान नहीं है।

2

इस दुनिया में लोग क्यों
निर्बल पर रौब जमाते हैं,
शेर को सवा शेर मिले तो
उससे वे नजरें झुकाते हैं ,
क्यो बना है ऐसा सोच ?
कोई इससे अनजान बना है ,
सफ़र जिंदगी का आसान नहीं है।

3

जीवन सबके सुख से बीते
हर किसी की चाहत है ,
किन लोगों ने मुश्किल बनाया
क्यो सबको राहत नहीं है,
सबका जीवन सुगम सरल बने
सबको क्यों अरमान नहीं है।
सफर जिंदगी का आसान नहीं है
दुनिया में सस्ता सामान नहीं है।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# शहडोल : तथाकथित नेता की जागीर बना ग्राम पंचायत खमरियाकला , खबर न छापने के लिए नेता की हुई पत्रकार के घर में अगवाइ

- **तथाकथित नेता की जागीर बना ग्राम पंचायत खमरियाकला ,**
- **खबर न छापने के लिए नेता की हुई पत्रकार के घर में अगवाई**

**शहडोल (रोहित तिवारी)** । ज्ञात हो कि लगातार ग्राम पंचायत खमरिया कला में व्यापक भ्रष्टाचार को जनता के समक्ष लाने का बेड़ा हमने उठाया हुआ है एवं लगातार अपनी खबरों के माध्यम से चल रहे मामले में नए अपडेट से हम आपको अवगत कराते आ रहे हैं। लगातार भ्रष्टाचार की खबर ग्राम पंचायत खमरिया कल के विपक्ष में प्रकाशित की जा रही है जिससे ग्राम पंचायत खमरिया कला के उप सरपंच निलेश गौतम के बड़े भाई तथाकथित भाजपा नेता बबलू गौतम के द्वारा मामले को रफा दफा करने के लिए विगत रात्रि पत्रकार के घर में अगवाई होती है। शर्त रखी जाती है पत्रकार के समक्ष की 20 लाख का ठेका ले लो काम करके दे दो पत्रकार के न मानने पर सत्ताधारी दल का डर दिखाया जाता है। इसके पश्चात पत्रकार के ऊपर अनर्गल दबाव बनाया जाता है। और कहां जाता है की खबर यदि छापोगे तो अच्छा नहीं होगा तुम्हारे ऊपर हरिजन एक्ट लगवा दिया जाएगा। इसके बाद पत्रकार द्वारा तथा कथित भाजपा नेता की `हमान नवाजी पत्रकार अपने हिसाब से करता है। एवं भाजपा नेता के द्वारा पत्रकार को धमकाया जाता है। इस पूरे मामले में सत्ता संरक्षण का दबदबा दिखाकर भाजपा नेता अपने भ्रष्टाचारी साथियों को बचाने के प्रयास में लगे हुए।



### जानिए मामला विस्तार से

लगातार ग्राम पंचायत खमरिया कला में भ्रष्टाचार प्रबल होता जा रहा है जिसकी प्रबलता का प्रमाण तथा कथित भाजपा नेता की पत्रकार के घर में अगवाई होते ही पता चल गया। किंतु सवाल यह उठता है कि भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के विपक्ष में खबर चलाने से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बबलू गौतम को मिर्ची क्यों लग रही है। क्या भारतीय जनता पार्टी इसी प्रकार भ्रष्टाचार्यो को संरक्षण देकर एक-एक पंचायत में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं यह सोचने वाली बात है। एक ऐसी पार्टी जिसका मुखिया देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है एवं इन्हीं के अधीनस्थ भारतीय जनता पार्टी के नेता बबलू गौतम जैसे कार्यकर्ता पार्टी के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। बरहाल इस खबर से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हम कभी भी अपनी कलम को भ्रष्टाचारियों के आगे नहीं झुकने देंगे खबर छप रही थी और छपती ही रहेगी।

## एक करोड़ उन्नीस लाख की सड़क और नाली निर्माण का विधायक और नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

उमरिया (रोहित तिवारी)। नगरपालिका उमरी के खलेसर में कायाकल्प अभियान के तहत बहुप्रतीक्षित सड़क एवं नाली श्री गणेश मंदिर से महरोई रेलवे फाटक का भूमि पूजन बांधवगढ़ विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 10 रागिनी सिंह द्वारा विधिवत पूजन तथा सांकेतिक कुदाल चला कर किया गया 7 इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव, पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह, पार्षद रुक्मणि सिंह, पार्षद राजू कोल, पार्षद दीपक सोनी, संतोष गुप्ता, धनुषधारी सिंह , सुजीत सिंह, संजय तिवारी, सुनील खटिक, मंगल सिंह , अमित द्विवेदी ओमप्रकास सोनी , धर्मेंद्र रैदास, महेंद्र रैदास, रामाधार रैदास , पुष्पेन्द्र चंदेल, वार्ड के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या मातृ शक्ति एवं नागरिक उपस्थित रहे।

**एक करोड़ उन्नीस लाख की सड़क और नाली निर्माण का विधायक और नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन**

## एसबीआई में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान



**डिंडौरी अमरपुर।** स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमरपुर में बुधवार की रात्रि लगभग 11 बजे शाखा भवन के अंदर धुंआ निकलते देख आप पड़ोस के लोगों द्वारा शाखा प्रबंधक को मोबाइल फोन पर सूचना दी गई और शाखा में लगे सायरन की आवाज पर शाखा खोला गया। जब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग पर काबू पाने स्थानीय लोगों ने मदद की फिर अग्निशमन पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण विद्युत की साट सर्किट माना जा रहा हैं। आग लगने से लगभग 15 से 20 लाख की क्षति का अनुमान लगाया गया हैं। जिसमें एसी 3 नग, कंप्यूटर 4 नग, सीलिंग पंखा, काउंटर आदि सामग्री जलकर खाक हो गए। वर्तमान में बैंक में लेनदेन पूर्णतः बंद हो गया हैं। वहीं पर होली का त्यौहार नजदीक हैं। जिससे ग्राहक भी परेशान देखे गए। सूचना मिलते ही बैंक उच्चाधिकारी अमित भगत क्षेत्रीय प्रबंधक, सुबोध तिवारी पहुंचकर मौके का जायजा लिया। शाखा प्रबंधक उमेश कुमार सिंह, अरविंद, शशांक आदि रात्रि में ही परेशान रहे। पूछे जाने पर शाखा प्रबंधक ने बताया कि सायरन की आवाज से एवं राहुल जायसवाल द्वारा सूचना दी गई। ग्रामीणों के साथ पुलिस का भी सहयोग रहा, लेन-देन अभी बंद हैं शीघ्र ही व्यवस्था बनाने की कोशिश की जा रही हैं। ताकि ग्राहकों को परेशानी ना हो पाए।



## मध्य प्रदेश सरकार ने देर रात की व्यापक प्रशासनिक सर्जरी, सिंगरौली, शहडोल,गुना और पन्ना के कलेक्टर बदले

**प्रदेश के 37आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी हुए हैं**
**कलेक्टर वंदना वैध शहडोल का हुआ तबादला, अब तरुण भटनागर को शहडोल कलेक्टर बनाया गया, रोहित तिवारी**

## पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, नक्सली सामग्री व हथियार किया गया बरामद






**दीप्ती बाजपेयी**

**दंतेवाड़ा-** दन्तेवाड़ा व बीजापुर के सरहदी क्षेत्र पीड़िया एवं पुरंगेल के जंगलों में पुलिस के जवानों व माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड हुई है आप को बता दे कि बस्तर में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत् दन्तेवाड़ा से दिनांक 10 मार्च को थाना किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल तथा बीजापुर के डोडी तुमनार,पीड़िया के जंगल में स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर लेंगू दादा, गंगालूर एरिया कमेटी एवं डीवीजनल कमेटी मेंबर दिनेश मोड़ियम एवं अन्य सशस्त्र माओवादियों के होने की सूचना मिलने पर दन्तेवाड़ा,सुकमा और बीजापुर के डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स स्पेशल टास्क फोर्स तथा सीआरपीएफ एवं कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम को रवाना किया गय था। आप को बता दे कि गंगालूर थाना क्षेत्र का पीड़िया नक्सलियों का गढ़ माना जाता है और 11मार्च को सुबह लगभग 05:30 बजे पुरंगेल, डोडी तुमनार एवं पीड़िया के जंगल पहाड़ी के बीच पुलिस पार्टी एवं नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। और पुलिस के जवानों के द्वारा जवाबी कार्यवाही किया गया जिसमें पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल झाड़ी की आड़ लेकर भाग खड़े हुये। बाद में पुलिस पार्टी के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया तो एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान पश्चिम बस्तर डिविजन कमेटी के पीड़िया पंचायत मिलिशिया सेक्शन ÷ए÷ कमाण्डर भीमा उर्फ दड़िया पुनेम पिता स्व0 सुक्कू पुनेम निवासी पीड़िया लेकामपारा थाना गंगालूर के रूप में किया गया जिसके पास से 1 नग भरमार बन्दूक, बारूद एवं छर्रा, 01 नग टिफिन बम, नक्सल साहित्य, पेंसिल सेल व बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद कर पुलिस पार्टी के द्वारा जप्त कर लिया गया है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों की घायल होने की संभावना बताई जा रही है मारे गए माओवादी के खिलाफ जिला दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में कुल 2 नक्सल अपराध भी पंजीबद्ध है। मुठभेड़ के बाद इलाके में पुलिस पार्टी के द्वारा सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

## बच्चों के साथ लैगिक अपराध होने पर यदि जानकारी छुपाई गई तो होगी कार्यवाही




**डिण्डौरी ।** कलेक्ट्रेड सभा कक्ष में गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी की अध्यक्षता एवं एसडीओपी डिण्डौरी, सहायक आयुक्त ट्राईवल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की उपस्थिति में समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत पोक्सो एक्ट 2012 की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षर्थी जिले के समस्त हास्टल के अधिक्षक अधिक्षिका, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं अन्य समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान गुड टच बेड टच एवं लैगिंक शोषण एवं लैगिक अपराधों की जानकारी के साथ साथ होस्टलों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी गई। साथ ही होस्टल अधिक्षकों को मुख्यलय में रहने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधिकक्ष जी के द्वारा धारा 163, 363 एवं 376 की विस्तृत जानकारी देते हुये सभी को सजग किया और अपराधों को रोकने हेतु कदम उठाने को कहा गया, पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि अपराधों की शिकायत को छुपाना भी अपराध की श्रेणी में आता है अतः कोई भी व्यक्ति अगर आपके सामने अपराध हो रहा है और चुपचाप देख रहे है या चुप है तो आप भी अपराधी है।

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को दिया ए ग्रेड

भोपाल। विद्युत मंत्रालय भारत सरकार ने गत दिवस देश भर के 55 बिजली वितरण कंपनियों, सेवा प्रदाता संस्थाओं की ऑल इंडिया रेटिंग सूची जारी की है। केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री आर.के. सिंह द्वारा जारी सूची में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सूची में ए ग्रेड दिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर कंपनी प्रबंधन, कर्मचारी एवं अधिकारियों को बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शासकीय सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने एवं उपभोक्ता संतुष्टि की दिशा में पश्चिम क्षेत्र ने बहुत अच्छा कार्य किया है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने कहा कि इस उपलब्धि में हजारों कर्मचारियों- अधिकारियों की मेहनत एवं लाखों उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल राशि का भुगतान करना भी शामिल है।

# रवीना ने किया 100 ऑक्सीजन सिलेंडर्स का इंतजाम



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंनन ने कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद के लिये 100 ऑक्सीजन सिलेंडर्स का इंतजाम किया है। कोरोना वायरस महामारी संकट के समय रवीना टंडन ने जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। रवीना, कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडरों के साथ मदद के लिए आगे आई है। रवीना टंडन ने कहा कि अस्पताल बहुत ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं, इसलिए हम ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर रहे हैं, जो सीधे जरूरतमंदों को भेजे जा सकते हैं, दिल्ली भेजे जाने के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडर तैयार हैं। हमारी टीम ऑक्सीजन किट से लेकर ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर तक हम सभी संसाधन जुटाने की कोशिश कर रही हैं। संक्रमण रोकने के लिए हम पुलिस और एनजीओ के संपर्क में हैं। हम इस मुश्किल समय में लोगों से मदद करने की अपील करते हैं। रवीना ने लिखा ,मुझे उम्मीद है कि कालाबाजारी करने वालों को पकड़कर जांच के दायरे में लाया जाएगा। आजकल जो भी हो रहा है उस पर यकीन कर पाना मुश्किल है। यह एक विनाश जैसा है। अमीर लोग इंजेक्शन और ट्रीटमेंट के लिए पैसे चुका रहे हैं, लेकिन आम आदमी की दुर्दशा की कल्पना से परे है। यह निराश कर देने वाला और दिल तोड़ देने वाला एक शर्मनाक दृश्य है।

रवीना टंडन ने कहा कि अस्पताल बहुत ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं, इसलिए हम ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर रहे हैं, जो सीधे जरूरतमंदों को भेजे जा सकते हैं, दिल्ली भेजे जाने के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडर तैयार हैं। हमारी टीम ऑक्सीजन किट से लेकर ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेटर तक हम सभी संसाधन जुटाने की कोशिश कर रही हैं। संक्रमण रोकने के लिए हम पुलिस और एनजीओ के संपर्क में हैं।

## ईद पर रिलीज होगा अरविंद अकेला कल्लू की 'जान' का ट्रेलर




भोजपुरी अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री निधि झा की जोड़ी वाली फिल्म जान का ट्रेलर ईद के अवसर पर रिलीज होगा। संगीत कम्पनी डीआरजे रिकॉर्ड्स की पहली भोजपुरी फ़िल्म 'जान' का ऑफिसियल ट्रेलर ईद के अवसर पर रिलीज किया जायेगा। राज जायसवाल एवं डीआरजे फिल्म्स के प्रस्तुत 'जान' के निर्माता राज जायसवाल है, जबकि निर्देशन अरविंद चौबे का है। फ़िल्म के लीड पेयर में अरविंद अकेला कल्लू और निधि झा है। निर्देशक अरविंद चौबे फ़िल्म को लेकर बताया कि फिल्म 'जान' की कहानी सभी फिल्म से काफी अलग है, जिसमे एक्शन और डायलॉग को प्राथमिकता दी गयी है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय गीत फिल्माये गए हैं। फिल्म की कहानी आज के जेनरेशन को काफी पसंद आयेगी। फिल्म निर्माता राज जयसवाल ने कहा कि फ़िल्म जान को बनाने में हमने काफी मेहनत की है। फ़िल्म की कहानी के हिसाब से इस फ़िल्म की शूटिंग हमने उत्तराखंड के हसीन वादियों में की है। फिल्म जान के लेखक अभय यादव हैं जबकि संगीत ओम झा ने दिया है। गीत प्यारे लाल यादव, श्याम देहाती, सुमित चद्रावंशी,अजीत मंडल, संतोष उतपति का है।

## परदेस में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे खेसारी लाल यादव

भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव अपनी आने वाली फिल्म परदेस में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। खेसारी लाल यादव अपनी आने वाली फिल्म'परदेस'में एक नहीं दो-दो खूबसूरत अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। खेसारी फिल्म में मधु शर्मा और ब्रिटिश अभिनेत्री ग्रेस रोडेज के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे।इस फ़िल्म में खेसारीलाल यादव के साथ संजय महानन्द की भी मुख्य भूमिका होगी। यशी फिल्म्स और पिक्टोरियल फिल्म्स लि. के बैनर तले बन रही फिल्म'परदेस'के निर्माता अभय सिन्हा, समीर आफताब और प्रशांत जम्मुवाला हैं, जबकि फ़िल्म के लेखक, निर्देशक, संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं। फ़िल्म की शूटिंग लंदन के खूबसूरत लोकेशन ऑक्सफ़ोर्ड, कैम्ब्रिज जैसे जगहों पर हुई है। फ़िल्म को लेकर अभय सिन्हा ने बताया कि'परदेस'एक अमेजिंग कहानी पर बनी फिल्म है। यह दर्शकों को खूब पसंद आएगी। यहां तक कि हमने जिन-जिन फिल्मों की शूटिंग की है, सभी की कहानी एकदूसरे से अलग और रोचक है। वहीं, रजनीश मिश्रा ने फ़िल्म को लेकर कहा कि'परदेस'की कहानी दर्शकों को खास इसलिए लगेगी, क्योंकि हमने इसमें एक प्रयोग किया है और इसे भोजपुरिया स्टाइल में बनाने की कोशिश की है। फ़िल्म में खेसारीलाल यादव, मधु शर्मा और ग्रेस रोडेज की अदाकारी मुख्य आकर्षण होगी।





# लेयर्ड ज्वेलरी के साथ स्टाइल



किसी भी तरह के कपड़े पहन लें, लेकिन ज्वेलरी के बिना अच्छा लुक उभरकर नहीं आता। भले ही ज्वेलरी लाइटवेट हो या एंटीक या बोल्ड...कोई भी। आजकल ट्रेंड में है लेयर्ड ज्वलेरी। इसमें एक नहीं 2-3 ज्वेलरी पीस एक साथ पहने जाते हैं। मेटल गोल्ड, सिल्वर, फंकी, ऑक्सीडाइसड...को अलग-अलग पहनें या एक साथ। इसमें खास होती है लेयरिंग और स्पेसिंग। आप खुद भी क्रिएट कर सकते हैं लेयर्ड ज्वेलरी।

## लेयर्ड से दिखें ट्रेंडी

ये हर उम्र की महिला और हर तरह के आउटफिट पर फबती है। इसे बाज़ार से खरीदने के अलावा आप खुद भी क्रिएट कर सकते हैं। ये उन महिलाओं के लिए मुफीद है जिन्हें अपनी पुरानी ज्वेलरी से अधिक मोह होता है। जानते हैं कुछ आइडियाज़, जो पुरानी ज्वेलरी को लेयर लुक देंगे।



## नेक ज्वेलरी

सामान्य नेक ज्वेलरी को नेक लेयर ज्वेलरी बनाने के लिए ज़रूरी नहीं कि सोने व चांदी की ही ज्वेलरी हो। स्टोन चेन, पर्ल चेन या प्लेन गोल्ड चेन को भी लेयर ज्वेलरी बना सकते हैं। कॉलर बोन तक आती गोल्ड चेन के साथ लंबी प्लेन गोल्ड चेन या पर्ल चेन के साथ पहनें। लंबाई में छोटी-बड़ी चेन के साथ शानदार लेयरिंग की जा सकती है। हैवी ज्वेलरी पहन रही हैं, तो चोकर को भारी व लंबी पेंडेंट चेन से लेयर करें।

ध्यान रहे कि जितनी भी लेयरिंग करें, सभी दिखनी चाहिए। इसमें हैवी ज्वेलरी को डेलीकेट ज्वेलरी से भी लेयर किया जा सकता है। कोशिश करें कि लेयरिंग में सभी ज्वेलरी एक ही मेटल की हों। इसमें आप कई सारी एक ही लंबाई की नेक ज्वेलरी को एक साथ न पहनें।

## रिंग्स का मैजिक

अंगूठी को कई तरीकों से लेयर्ड कर सकते हैं। मसलन जिस हाथ की अंगुली में गोल्ड रिंग पहनी हैं उसके साथ वाली अंगुली में डायमंड रिंग पहनें। जेम स्टोन रिंग के साथ ऐसी लेयरिंग करें। हटकर लेयरिंग के लिए एक ही अंगुली में 2-3 रिंग अच्छी लगती है, जैसे दो पतली सोने, चांदी या किसी ओर मेटल के बीच में डायमंड या रंग-बिरंगे स्टोन की रिंग पहनें। कॉकटेल रिंग को भी समान मेटल के साथ लेयर करें। आजकल बाज़ार में टिप फिंगर रिंग भी मिलती हैं। 2-3 रिंग की लेयरिंग करने के बाद उसी अंगुली में टिप फिंगर रिंग हाथ को न्यू लुक देती है।

ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग में किफायती दाम में नकल मिडी फिंगर टिप रिंग मिलती है। इनमें बेस रिंग के अलावा 3-4 रिंग होती है, जो पूरी अंगुली को कवर करती है। दोनों हाथों की 1-1 अंगुली को रिंग्स से लेयर्ड करें। थंब रिंग को टिप फिंगर रिंग से लेयर करें।

## बैंगल-ब्रेसलेट की लेयर

कई तरह के डिज़ाइन, टेक्सचर व शेप के ब्रेसलेट खरीदें। चूड़ियों को ब्रेसलेट के साथ भी लेयर किया जा सकता है। एक स्ट्रैंड वाले ब्रेसलेट को प्लेन व डिज़ाइन वाली सोने की चूड़ियों से लेयर कर सकते हैं। डबल स्ट्रैंड वाले ब्रेसलेट को गोल्ड बैंगल से लेयर करें। इमेज, नाम या क्यूट ब्रेसलेट को सिंपल ब्रेसलेट के साथ लेयर कर सकते हैं। मंगलसूत्र ब्रेसलेट भी चलन में है।

## बॉलीवुड में भी हिट

हाल ही में फैशन डिज़ाइनर मसाबा गुप्ता के एक्ट्रेस सोनम कपूर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की गई। इसमें सोनम कपूर ने डायमंड चोकर नेकपीस को टाइट सिंगल स्ट्रैंड डायमंड चेन से लेयर किया था। कुछ तस्वीरों में दीपिका पादुकोण ने भी लेयर्ड ज्वेलरी पहनी है। एक तस्वीर में दीपिका ने हैवी मेकअप के साथ 3 गोल्ड चेन की लेयरिंग की है। दूसरी में एक हाथ में 2 बैंगल के बीच ब्रेसलेट पहना है।

**अंगूठी को कई तरीकों से लेयर्ड कर सकते हैं। मसलन जिस हाथ की अंगुली में गोल्ड रिंग पहनी हैं उसके साथ वाली अंगुली में डायमंड रिंग पहनें। जेम स्टोन रिंग के साथ ऐसी लेयरिंग करें। हटकर लेयरिंग के लिए एक ही अंगुली में 2-3 रिंग अच्छी लगती है, जैसे दो पतली सोने, चांदी या किसी ओर मेटल के बीच में डायमंड या रंग-बिरंगे स्टोन की रिंग पहनें।**

## मेकअप टिप

हैवी मेकअप के साथ लाइट वेट वाली ज्वेलरी के साथ लेयरिंग करें। इसके साथ ही हैवी वेट की ज्वेलरी की लेयरिंग के साथ न्यूड मेकअप करें।

# कोरोना काल में बेजान हाथों की देखभाल



कोरोना वायरस की महामारी से दुनिया भर में लोग डर के साये में जी रहे हैं। लोग मजबूरन वायरस के साथ जिन्दगी जीने के आदी बनते जा रहे हैं। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के वैक्सीन ढूंढ़ने के अबतक के प्रयासों में मिली निराशा के बीच मास्क, फेस कवर, सोशल डिस्टैन्सिंग तथा हाथ धोने को ही इस बीमारी की रोकथाम का कारगर उपाय माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स, डॉक्टरों और स्वास्थ्य संगठनों ने बार-बार हाथों को बीस मिनट तक गुनगुने पानी/ साबुन से धोने की सलाह दी है। ऐसे में कुछ बड़ी कम्पनियाँ हैंड सैनिटाईज़र, एंटी वायरल हैंडवाश, एन्टी माइक्रो बायल्स आदि उत्पादों के प्रचार करने पर जुटी हैं ताकि इस महामारी में भी मुनाफा कमाया जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि कोरोना वायरस के केमिकल मेकअप को खतम करने का सबसे प्रभावी और आसान तरीका साबुन और गर्म पानी से हाथ धोना ही है क्योंकि इससे वायरस के ऊपर चढ़ा लिपिड का आवरण हट जाता है और वायरस निष्क्रिय हो जाता है। साबुन और पानी से वायरस का बाहरी खोल घुल जाता है जिससे वायरस की कापियां बनाने वाले अनुवंशिक पदार्थ को निष्क्रिय कर बहा देता है। डॉक्टरों की मानें तो आप हैंड सैनिटाईज़र, एंटी वायरल हैंडवाश, एन्टी माइक्रो बायल्स आदि का उपयोग सफर के दौरान या वहां कर सकते हैं जहां साबुन/पानी की उपलब्धता नहीं है।

अब जबकि हाथ धोने को बीमारी रोकने का मूलमंत्र माना जा रहा है तो ऐसे में सवाल उठता है कि बार-बार साबुन से हाथ धोने से हाथ की बाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाये। मेरा मानना है कि साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अल्कोहल आधारित सेनिटाईज़र का हाथों पर बार-बार प्रयोग से एपिड मिर्स की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुंचेगा जिससे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट लग सकते हैं, जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है, जिससे 'एक्जिमा' जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ादायक हो सकती है। वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है, जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। बार-बार साबुन से हाथ धोने से नाखून भी शुष्क होकर भुरभुरे हो जाते हैं। हमारी त्वचा की बाहरी परत वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है। यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जो त्वचा की सामान्य नमी को बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन के झाग से बार-बार धोते हैं तो यह प्राकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है तथा ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा करना अनिवार्य हो जाता है।

सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। हाथों के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा सिंगल यूज़ नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं। सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आयॅल तथा माईस्चराईज करने से शुरुआत करनी चाहिए।

## कुछ घरेलू नुस्खे

- कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाये रखने में काफी मददगार साबित होती है। कच्चे दूध को निकालकर फ्रिज में रख लीजिये और जब भी समय मिले, हाथों-पांवों पर मलकर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे त्वचा मुलायम होगी तथा त्वचा पर जमी मैल, गन्दगी दूर होगी। आप इस प्रक्रिया को रोजाना दोहरा सकते हैं या 1-2 दिन के अंतराल के बाद उपयोग कर सकते हैं।
- स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायम हो जाये। इसके लिए आप नारियल तेल या बादाम तेल का उपयोग करें तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराईजर लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी।
- बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजे ठण्डे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पौष्क क्रीम की हल्के मालिश करने के बाद सो जाइए।
- हाथों की त्वचा को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ घरेलू हर्बल प्रसाधनों की मदद भी ले सकती हैं। आजकल बाजार में कई तरह के मॉइस्चराईजर, हैंड क्रीम आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। बॉडी लोशन की बजाय हैंड क्रीम हमेशा बेहतर साबित होती है क्योंकि हैंड क्रीम ज्यादा पोषक होती है। पानी पर आधारित लोशन लगाने से त्वचा में सूखापन बढ़ जाता है क्योंकि पानी हवा में उड़ जाता है। इसके मुकाबले ऑयल पर आधारित क्रीम लगाना कहीं ज्यादा प्रभावी तथा लाभप्रद रहता है। जब भी आपके हाथ शुष्क हों तो तत्काल हैंड क्रीम लगाना कतई ना भूलें। हाथों को धोने के लिए उपयोग किए जाने वाले साबुन हल्के तथा सुगन्धरहित होने चाहिए।
- चार चम्मच बादाम तेल, एक चम्मच गुलाब जल तथा आधा चम्मच टिनचर बेंज़ोइन को मिलाकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर, सूती कपड़े से लपेटकर हाथों को ढंक लें तथा इसे रात भर हाथों पर लगा रहने के बाद सुबह ताजे सामान्य पानी से धो डालिए। इससे आपके हाथ कोमल तथा मुलायम हो जायेंगे।
- लोशन की बजाय अगर आप क्रीम/आयॅन्टमैंट को प्राथमिकता दीजिए क्योंकि यह ज्यादा प्रभावी होते हैं।
- नींबू जूस और चीनी को हाथों पर रगड़ने से त्वचा मुलायम होती है।
- दो चम्मच सूर्यमुखी तेल, 2 चम्मच नींबू जूस तथा तीन चम्मच चीनी को मिलाकर बनाये मिश्रण को हाथों पर लगाकर आधे घण्टे बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में तीन बार प्रयोग कर सकते हैं।
- यदि आपकी त्वचा कैमिकलयुक्त साबुन, डिटरजैंट के प्रति संवेदनशील है तो आप बर्तन धोते समय हाथों पर दस्ताना पहनना कतई न भूलें। एक चम्मच खमीर को एक गिलास ताजे जूस में डालकर पीने से नाखून तथा त्वचा बेहतर और स्वास्थ्यवर्धक रहती है।

*(लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं।)*

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)